# Daily Current Affairs- 05/02/2021

## 1. केन्द्रीय मंत्रियों ने संयुक्त रूप से GOBARDHAN (गोवर्धन) गतिविधियों की प्रगति की निगरानी के लिए एकीकृत वेब पोर्टल लांच किया




- कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पशुपालन मंत्री गिरिराज सिंह, जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और जल राज्यमंत्री रतन लाल कटारिया ने देशभर में GOBARDHAN गतिविधियों की प्रगति की निगरानी के लिए संयुक्त रूप से एकीकृत वेब पोर्टल शुरू किया।
- यह जैविक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए स्वच्छ भारत अभियान के दूसरे चरण का एक महत्वपूर्ण घटक है।
- **GOBARDHAN योजना के बारे में:** पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय ने 30 अप्रैल, 2018 को GOBAR - DHAN (गैल्वनाइजिंग ऑर्गेनिक बायो-एग्रो रिसोर्स फंड) योजना शुरू की थी।
- GOBAR-DHAN योजना के तहत, गोबर और खेतों के ठोस अपशिष्ट को खाद और ईंधन में बदल दिया जाएगा जैसे कि बायोगैस और जैव-CNG।

## 2. केरल का पहला मानव दुग्ध बैंक (HMB) 5 फरवरी को शुरू किया जायेगा

- स्वास्थ्य मंत्री केके शैलजा द्वारा शहर के एर्नाकुलम सामान्य अस्पताल में HMB खोला जाएगा।

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW

- नवजात शिशुओं के लिए स्तन का दूध सुनिश्चित करने के लिए दूध बैंक की स्थापना की जाएगी, जिनकी माताएं उन्हें स्तनपान नहीं करा सकती हैं।



- **नोट:** रोटरी क्लब ऑफ कोचीन ग्लोबल ने इस परियोजना को दो ऐसे स्तन दूध बैंकों के साथ राज्य में लाने की जिम्मेदारी ली है - एक एर्नाकुलम में और दूसरा त्रिशूर के जुबली मेडिकल मिशन अस्पताल में।

- संग्रहित दूध को बैंक में 6 महीने तक सुरक्षित रूप से संग्रहीत किया जा सकता है।

### 3. PGIMER, चंडीगढ़ ने भारत के पहले ' एम्प्युटी क्लिनिक' की शुरूआत की




- भारत का पहला एम्प्युटी क्लिनिक पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (PGIMER) चंडीगढ़ द्वारा लॉन्च किया गया है। इसका उद्घाटन PGIMER के निदेशक प्रो.जगत राम ने किया।

- यह एक छत के नीचे और महत्वपूर्ण समन्वय के साथ सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करके एम्प्युटी रोगियों की देखभाल में सुधार करने के लिए स्थापित किया गया है।

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series
ENROL NOW

- इसमें आर्थोपेडिक्स, प्रोस्थेटिस्ट, PMR (शारीरिक और चिकित्सा पुनर्वास), मनोवैज्ञानिक, व्यावसायिक फिजियोथेरेपी और नर्सिंग विभागों सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

- नोट: PGIMER ने यह भी कहा है कि वह PGI में चलाए जा रहे सफल घुटने के स्कूल के आधार पर एम्प्युटी स्कूल भी चलाएगा।

**4. पंजाब के मुख्यमंत्री ने "हर घर पानी, हर घर सफाई मिशन" की शुरुआत की**



- पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने 2022 तक सभी ग्रामीण घरों में 100 प्रतिशत पीने योग्य पाइप जलापूर्ति के लक्ष्य को पूरा करने के लिए राज्य सरकार के अभियान के तहत 'हर घर पानी, हर घर सफाई' मिशन की शुरुआत की।.

- इस योजना को विश्व बैंक, जल जीवन मिशन भारत सरकार, नाबार्ड और राज्य बजट द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है।

- उन्होंने मोगा जिले के 85 गाँवों को कवर करते हुए 172 गाँवों, 121 आर्सेनिक और आयरन रिमूवल प्लांटों के लिए 144 नई जलापूर्ति योजनाओं को शामिल करते हुए एक **मेगा सर्फेस वाटर सप्लाई स्कीम** का उद्घाटन किया।

- **पंजाब के बारे में तथ्य:**

  **राजधानी:** चंडीगढ़

  **राज्यपाल:** वी पी सिंह बदनोर

  **मुख्यमंत्री:** कैप्टन अमरिंदर सिंह

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW

**5. महान शास्त्रीय गायक पंडित भीमसेन जोशी की जन्मशताब्दी के अवसर पर एक वर्ष तक चलने वाला समारोह शुरू हुआ**



- जयतीर्थ मेवुंडी द्वारा स्वर भास्कर 100, आर्य संगीत प्रसारक मंडल द्वारा 'अभिवादन' सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- **नोट:** पंडित भीमसेन जोशी (4 फरवरी, 1922 - 24 जनवरी, 2011) कर्नाटक के एक गायक थे।
- उन्होंने 2008 में भारत रत्न प्राप्त किया।

**6. अंतरिक्ष विभाग ने स्काईरूट एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक नॉन डिसक्लोसर एग्रीमेंट (NDA) पर हस्ताक्षर किए**

- NDA अपने लॉन्च वाहन विकास कार्यक्रम के साथ आगे बढ़ने के लिए कंपनी को ISRO केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं और तकनीकी विशेषज्ञता तक पहुंचने में सक्षम करेगा।
- **स्काईरूट एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के बारे में:** यह एक भारतीय निजी एयरोस्पेस निर्माता और

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW

वाणिज्यिक प्रक्षेपण सेवा प्रदाता है जो हैदराबाद, तेलंगाना में स्थित है।

- कंपनी की स्थापना ISRO, DRDO और विभिन्न एयरोस्पेस कंपनियों के पूर्व इंजीनियरों और वैज्ञानिकों ने की थी।
- **नोट:** कंपनी अपना पहला लॉन्च वाहन, "विक्रम- I" विकसित कर रही है, जो दिसंबर 2021 के आसपास अपने शुरुआती लॉन्च के लिए तैयार है।

## 7. ऑक्सफोर्ड ने 'आत्मनिर्भरता' को हिंदी वर्ड ऑफ द ईयर 2020 नामित किया




- यह शब्द भाषा विशेषज्ञों कृतिका अग्रवाल, पूनम निगम सहाय और इमोजेन फॉक्सेल के एक सलाहकार पैनल द्वारा चुना गया था।
- **नोट:** पूर्व के हिंदी वर्ड ऑफ द ईयर आधार (2017), नारी शक्ति (2018) और संविधान (2019) हैं।

## 8. भारतीय क्रिकेटर अशोक डिंडा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपो से संन्यास की घोषणा






- तेज गेंदबाज, डिंडा, जिन्होंने 420 प्रथम श्रेणी के विकेट हासिल किए और उन्होंने भारत के लिए क्रमशः 13 वनडे और नौ T20 खेले हैं, जिसमें क्रमशः 12 और 17 विकेट लिए हैं।
- डिंडा ने भारत के लिए दिसंबर 2009 में श्रीलंका के खिलाफ T-20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया और मई 2010 में जिम्बाब्वे के खिलाफ उनका वनडे डेब्यू था।

**9. अजय सिंह भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के फिर से अध्यक्ष चुने गए**



- स्पाइसजेट एयरलाइंस के चेयरमैन अजय सिंह ने गुरुग्राम में हुए आम चुनाव में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष के रूप में दोबारा चुने जाने के लिए एक प्रतियोगिता में आशीष शेलार को हराया।
- **भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के बारे में:** यह ओलंपिक मुक्केबाजी के लिए भारतीय राष्ट्रीय शासी निकाय है और भारत का अंतर्राष्ट्रीय एमेच्योर मुक्केबाजी संघ का सदस्य संगठन है। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ को अखिल भारतीय मुक्केबाजी संघ के रूप में भी जाना जाता है।

**10. एंडी जेसी अमेज़न CEO के रूप में जेफ बेजोस की जगह लेंगे**

- अमेज़न के संस्थापक जेफ बेजोस ने इस साल के अंत में अपने पद कंपनी के मुख्य कार्यकारी के रूप से हटने की घोषणा की है, जो कि उन्होंने स्टार्टअप से लेकर दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनियों में से एक में बनाया था।

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW

- एंडी जेसी वर्तमान में अमेज़न वेब सर्विसेज (AWS) के CEO के रूप में सेवारत हैं।




- **अमेज़न के बारे में तथ्य:**

**CEO:** जेफ बेजोस

**संस्थापक:** जेफ बेजोस

**स्थापना:** 5 जुलाई 1994

**मुख्यालय:** सिएटल, वाशिंगटन, संयुक्त राज्य अमेरिका

gradeup

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series ENROL NOW